उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 53 /05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/02-परीक्षा/2022

लखनऊ : दिनांक : 27 जुलाई, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2022, अनुदेशक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/03 के अंतर्गत निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन 59 व्यवसायों के अनुदेशक के कुल रिक्त 2504 पदों पर चयन हेतु दिनांक 18.01.2022 से 08.02.2022 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे ।

कालान्तर में निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उक्त विज्ञापन में प्रकाशित 59 व्यवसायों के अनुदेशक के कुल रिक्त 2504 पदों की संख्या में संशोधन / परिवर्तन करते हुए 42 व्यवसायों के अनुदेशक के कुल रिक्त 2406 पदों पर चयन हेतु संशोधित अधियाचन उपलब्ध कराया गया। तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पदों की संशोधित स्थिति के सम्बन्ध में आयोग की विज्ञप्ति सं0-471/148/चार/आयोग/2021, दिनांक 19.12.2022 द्वारा शुद्धि पत्र प्रकाशित किया गया।

प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा हेतु औपबंधिक रूप से अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों से संबन्धित आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 06.01.2024 तथा 24.01.2024 एवं मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में विचाराधीन रिट याचिका संख्या-ए-2331/2024 तथा ए-2262/2024 में पारित आदेश दिनांक 20.02.2024 के अनुपालन में अनुदेशक के कुल रिक्त 2406 पदों के सापेक्ष कुल 3428 अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 25.02.2024 को आयोजित की गयी थी।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अनुदेशक के कुल रिक्त 2406 पदों के सापेक्ष आयोजित लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों में से शून्य एवं नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर अवशेष 3318 अभ्यर्थियों का अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम मा० आयोग की बैठक में अनुमोदित किया गया है।

अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम मा० उच्च न्यायालय में विचाराधीन रिट याचिकाओं में पारित होने वाले अंतिम आदेश तथा भविष्य में योजित होने वाली रिट याचिकाओं (यदि योजित की जाती हैं) में पारित होने वाले आदेशों के अधीन होगा।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अंतिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। चयन सम्बन्धी अंतिम परिणाम अर्हता/ अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।

प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह उक्त 3318 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण दिनांक 21.08.2024 से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। अर्हता / अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत सूचना पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

उक्त के क्रम में संबन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/ अभिलेखादि परीक्षण अर्ह पाये गये 3318 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट **upsssc.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के **Home Page पर उपलब्ध Results Segments** पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।